भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 52

18 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

रक्षा क्षेत्र में भर्ती

52. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले दो वर्षों में भारतीय सेना में किसी भी व्यक्ति की भर्ती नहीं की गयी है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण है;

(ग) तीनों सशस्त्र सेनाओं में अधिकारियों और गैर अधिकारी रैंक के कर्मचारियों सहित कुल कितनी जनशक्ति की कमी है;

(घ) वर्ष 2015 से सशस्त्र सेनाओं में औसत वार्षिक भर्ती कितनी हुई है;

(ङ) क्या वार्षिक भर्ती किए जाने वाले प्रस्तावित अग्निवीरों की अपेक्षा औसत भर्ती आंकड़ा अधिक है; और

(च) यदि हां, तो सशस्त्र सेनाओं में जनशक्ति की कमी को कैसें पूरा किया जाएगा?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): जी, नहीं।

(ग): जनशक्ति में कमी (जनशक्ति आवश्यकताओं, सेवानिवृत्तियों, समयपूर्व सेवानिवृत्ति (पीएमआर), इन्वैलिडेशन के आधार पर) घटती-बढ़ती रहती है। प्राधिकृत संख्या से संबंधित कमी निम्नानुसार है

(i) सेना - 64482 (01.01.2020 तक और 116464 (01.01.2022 तक)
(i i) नौसेना - 13597 (31.5.2022 तक)
(i i i) वायु सेना - 5723 (1.7.2022 तक)

(घ): सेना, नौसेना और वायु सेना में औसत वार्षिक भर्ती क्रमशः 60,000, 5332 और 5723 है।

(ड.) और (च): यह मामला भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय में निर्णयाधीन है।

*****